मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 303, मुंबई, गुरुवार, 20 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## त्राल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 3 आतंकी मार गिराए

### एक महीने में 12 आतंकियों का सफाया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार रात सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें तीन आतंकी मारे गए। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि त्राल के अवंतिपोरा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आसपास के गावों में तलाशी अभियान शुरू किया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# 'एक महीने तक किया गैंगरेप'...

## बीजेपी विधायक सहित 7 के खिलाफ केस दर्ज



**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी सहित सात लोगों के खिलाफ बुधवार को सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज किया गया। महिला वाराणसी की रहने वाली है और उसने कुछ दिनों पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में महिला ने विधायक समेत सात लोगों को आरोपी बनाया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### मेडिकल टेस्ट और मजिस्ट्रेट के सामने पीड़ित के बयान के बाद कार्यवाही

### विपक्षी विधायक पर साजिश का लगाया आरोप



**फिलहाल विधायक की गिरफ्तारी नहीं:** सिंह ने कहा- इस मामले की जांच एएसपी रवींद्र वर्मा को सौंपी गई थी। जांच के बाद सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब मजिस्ट्रेट के सामने महिला का बयान दर्ज कराया जाएगा और इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली बात में फल विक्रेता ने जोमेटो डिलीवरी बॉय की चाकू मारकर की हत्या, दो गिरफ्तार



**मुंबई।** शहर से सटे पवई इलाके में एक फल विक्रेता और उसके साथी को जोमेटो के एक डिलीवरी बॉय की हत्या के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बुधवार सुबह मामूली बात पर हुए झगड़े में फल विक्रेता ने चाकू मारकर डिलीवरी बॉय को मौत के घाट उतार दिया था। मामले की जांच कर रहे डीसीपी अंकित गोयल ने बताया कि इस मामले में फल विक्रेता, सचिन दिनेश सिंह (20) और उसके साथी जितेंद्र हरिराम रायकर (32) को गिरफ्तार किया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## राम मंदिर ट्रस्ट की पहली बैठक में कई अहम फैसले

### महंत नृत्य गोपाल अध्यक्ष और चंपत राय महासचिव चुने गए



**नई दिल्ली।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को दिल्ली में पहली बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले हुए। बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद के चंपत राय को महासचिव चुना गया। मंदिर निर्माण कब से शुरू होगा इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। अब अगली बैठक अयोध्या में होगी जिसमें मंदिर निर्माण की तारीख को तय किया जा सकता है। पहली बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष, चंपत राय को महासचिव और स्वामी गोविंद देव गिरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा भवन निर्माण समिति भी बनाई गई।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### 'भारत में मुस्लिमों को नहीं पढ़ने दी जाती नमाज', जेल में अजान सुन हैरान हो गया था कसाब!

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया ने 26/11 आतंकी हमले के दोषी अजमल कसाब को लेकर अपनी आत्मकथा में कई बड़े खुलासे किए हैं। मारिया ने दावा किया है कि पाकिस्तान में कसाब को इस बात का भरोसा दिलाया गया था कि भारत में मुस्लिमों को नमाज तक नहीं पढ़ने दी जाती है।

राकेश मारिया ने अपनी किताब में लिखा है, 'लश्कर-ए-तैयबा ने कसाब को पूरी तरह से भरोसा दिलाया था कि भारत में मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने दी जाती है। जब वह पकड़ा गया और उसे जेल में बंद किया गया तो उसने अजान की आवाज सुनी, उसे सुनकर उसे इस बात का यकीन ही नहीं हो रहा था कि वह भारत में नमाज की आवाज सुन रहा है।' उन्होंने लिखा है कि जब बाद में कसाब को मेट्रो सिनेमा के पास मस्जिद में ले जाया गया तो वहां लोगों को नमाज पढ़ते देख वह हैरान हो गया। मारिया के मुताबिक, मुंबई हमले के मिशन पर भेजने से पहले कसाब को एक सप्ताह की छुट्टी और 1.25 लाख रुपये दिए गए थे। लश्कर की ओर से ये पैसे कसाब की बहन की शादी के लिए दिए गए थे। किताब में यह भी दावा किया गया है कि कसाब 'जिहाद' या आतंक फैलाने के लिए लश्कर से नहीं जुड़ा था बल्कि लूटपाट करने के लिए लश्कर में शामिल हुआ था। बाद में उसे आतंक की तरफ मोड़ दिया गया।

किताब में यह भी दावा किया गया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 26/11 हमले को हिंदू आतंकवाद का जामा पहनाने की भी कोशिश की थी। 10 हमलावरों को हिंदू साबित करने के लिए उनके साथ हिंदू नाम वाले फर्जी आईकार्ड भेजे गए थे। कसाब के पास भी एक ऐसा ही आईकार्ड मिला था, जिसपर उसका नाम समीर चौधरी लिखा हुआ था।

आपको बता दें कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में पाकिस्तान से समंदर के रास्ते आए 10 आतंकियों ने तीन जगहों पर हमला किया था। इन हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन हमलावरों में एकमात्र अजमल कसाब ही था, जिसे मुंबई पुलिस जिंदा पकड़ सकी थी। कसाब को 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में फांसी दे दी गई थी।

### जीएसटी भवन की फायर एनओसी पर बीएमसी मौन

**मुंबई।** भायखला के मझगांव इलाके में स्थित जीएसटी भवन में लगी आग के 24 घंटे बाद कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। जीएसटी भवन को फायर एनओसी मिली है या नहीं, इसकी जानकारी मुंबई फायर ब्रिगेड चीफ प्रभात रहांगदले को भी नहीं है। रहांगदले ने कहा कि यह इमारत उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है, इसलिए उन्हें इसकी जानकारी नहीं है कि इमारत को फायर ब्रिगेड की एनओसी मिली है या नहीं। इसकी जांच रिपोर्ट अगले दो दिनों में पेश कर दी जाएगी। मंगलवार को स्थायी समिति की बैठक में सभी दलों के नगरसेवकों ने बीएमसी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। नगरसेवकों ने कहा कि शहर में आग की घटनाओं पर ब्रेक लगना चाहिए। इससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। नगरसेवकों ने इस पर नाराजगी जताई कि जीएसटी भवन में आग लगने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार घटनास्थल पर पहुंच गए, लेकिन बीएमसी प्रशासन सोता रहा। सपा नगरसेवक रईस शेख ने जीएसटी भवन में अवैध निर्माण का भी मुद्दा उठाया। रहांगदले ने बताया कि पिछले 5 सालों में फायर ब्रिगेड ने 4500 इमारतों की जांच की, 20 पानी के कनेक्शन काटे, छापा मार कर 11000 अवैध सिलेंडर जब्त किए। मुंबई में 34 फायर स्टेशन हैं, जबकि 60 से 70 होने चाहिए। साथ ही 16 मिनी फायर स्टेशन बनाने की जरूरत है।

# 'भारत में मुस्लिमों को नहीं पढ़ने दी जाती नमाज', जेल में अजान सुन हैरान हो गया था कसाब!

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया ने 26/11 आतंकी हमले के दोषी अजमल कसाब को लेकर अपनी आत्मकथा में कई बड़े खुलासे किए हैं। मारिया ने दावा किया है कि पाकिस्तान में कसाब को इस बात का भरोसा दिलाया गया था कि भारत में मुस्लिमों को नमाज तक नहीं पढ़ने दी जाती है।

राकेश मारिया ने अपनी किताब 'छीइ टी रं८ कइ ठढ्ढद' में लिखा है, 'लश्कर-ए-तैयबा ने कसाब को पूरी तरह से भरोसा दिलाया था कि भारत में मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने दी जाती है। जब वह पकड़ा गया और उसे जेल में बंद किया गया तो उसने अजान की आवाज सुनी, उसे सुनकर उसे इस बात का यकीन ही नहीं हो रहा था कि वह भारत में नमाज की आवाज सुन रहा है।' उन्होंने लिखा है कि जब बाद में कसाब को मेट्रो सिनेमा के पास मस्जिद में ले जाया गया तो वहां लोगों को नमाज पढ़ते देख



वह हैरान हो गया।

मारिया के मुताबिक, मुंबई हमले के मिशन पर भेजने से पहले कसाब को एक सप्ताह की छुट्टी और 1.25 लाख रुपये दिए गए थे। लश्कर की ओर से ये पैसे कसाब की बहन की शादी के लिए दिए गए थे। किताब में यह भी दावा किया गया है कि कसाब 'जिहाद' या आतंक फैलाने के लिए लश्कर से नहीं जुड़ा था बल्कि लूटपाट करने के लिए लश्कर में शामिल हुआ था। बाद में उसे आतंक की तरफ मोड़ दिया गया। किताब में यह भी दावा किया गया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 26/11 हमले को हिंदू आतंकवाद का जामा पहनाने की भी कोशिश की थी। 10 हमलावरों को हिंदू साबित करने के लिए उनके साथ हिंदू नाम वाले फर्जी आईकार्ड भेजे गए थे। कसाब के पास भी एक ऐसा ही आईकार्ड मिला था, जिसपर उसका नाम समीर चौधरी लिखा हुआ था। आपको बता दें कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में पाकिस्तान से समंदर के रास्ते आए 10 आतंकियों ने तीन जगहों पर हमला किया था। इन हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन हमलावरों में एकमात्र अजमल कसाब ही था, जिसे मुंबई पुलिस जिंदा पकड़ सकी थी। कसाब को 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में फांसी दे दी गई थी।

## हेलिकॉप्टर से पहुंच सकेंगे कान्होजी आंग्रे टापू, दिवाली तक सेवा होगी शुरू

**मुंबई।** सड़क और जल मार्ग के अलावा पर्यटन जल्द ही हवाई मार्ग से भी मुंबई से कान्होजी आंग्रे टापू तक पहुंच सकेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने मुंबई और कान्होजी आंग्रे टापू पर हेलीपैड तैयार करने का निर्णय लिया है। मुंबई के हेलीपैड डोमेस्टिक क्रूज टर्मिनल के करीब भाऊ का धक्का पर बनाया जाएगा।

इसके लिए मार्च के पहले सप्ताह में हेलीपैड का टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर जारी होने के 5 महीने बाद यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। मुंबई से कान्होजी आंग्रे के बीच 12 सीटर हेलीकॉप्टर चलाए जाएंगे। मुंबई से कान्होजी आंग्रे की जल मार्ग की दूरी करीब 25 किलोमीटर और अलीबाग से करीब 5 किलोमीटर है। मौजूदा समय में पर्यटक मुंबई से कान्होजी आंग्रे सड़क और जल मार्ग से पहुंचते हैं। जल मार्ग से कान्होजी आंग्रे पहुंचने में लोगों को करीब डेढ़ घंटे का समय लगता है। सड़क मार्ग से यह सफर पूरा करने में करीब 3 घंटे का समय लगता है। हेलीपैड बन जाने के बाद घंटे का सफर कुछ मिनटों में पूरा हो जाएगा। देशी और विदेश पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पोर्ट ट्रस्ट कान्होजी आंग्रे को टूरिस्ट रिसोर्ट के तौर पर विकसित कर रहा है। इसके तहत वहां हेलीपैड, लाइट ऐंड साउंड शो, कैंप साइड, फूड कोर्ट और लाइट हाउस तैयार किया जा रहा है। मुंबई के करीब स्थित यह टापू दशकों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। टापू पर स्थित करीब 150 साल पुराने लाइट हाउस और किले को देखने हर साल हजारों सैलानी यहां आते हैं। बीते कुछ सालों में मुंबई में आने वाले विदेशी क्रूज की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। आकड़ों के अनुसार, पिछले साल मुंबई में 350 से अधिक देशी और विदेशी क्रूज मुंबई आते थे।

## खुले नाले में गिरी लड़की, मौत

**मुंबई।** अंधेरी पश्चिम के आदर्श नगर के खुले मैनहोल में गिरी लड़की की मौत हो गई है। मंगलवार रात उसकी बॉडी बरामद की गई। लड़की मंगलवार को ही वहां गिरी थी। उसकी उम्र 19 साल थी। फिलहाल बॉडी का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मंगलवार देर शाम को घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लड़की की तलाश शुरू की। यह घटना ओशिवरा में मेगा मॉल के नजदीक की है।

# बीएमसी की गलती की सजा भुगतेगी जनता!

**मुंबई।** देवनार डंपिंग ग्राउंड में कचरे से बिजली पैदा करने का रास्ता साफ हो गया है। लेकिन, बीएमसी प्रशासन की लापरवाही के कारण मुंबईकरों पर इसके लिए 173 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। बीएमसी प्रशासन से मंजूर किए गए टेंडर को ठुकराते हुए स्थायी समिति ने दूसरे नंबर की कंपनी को परियोजना का ठेका दे दिया। कचरे से बिजली उत्पादन का जो काम 648 करोड़ में होना था, वह बीएमसी की अनियमितता के कारण अब 821 करोड़ में होगा।

मंगलवार को स्थायी समिति में देवनार बिजली परियोजना को मंजूरी के लिए पेश किया गया। इसकी टेंडर प्रक्रिया पर नगरसेवकों ने सवाल उठाते हुए अधिकारियों पर घोटाले का आरोप लगाया। स्थायी समिति में सभी दलों के नगरसेवकों ने बीएमसी प्रशासन को जमकर लताड़ लगाई। अतिरिक्त आयुक्त बेलारासु ने स्थायी समिति के समक्ष स्वीकार किया कि टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि बीएमसी के इतिहास में यह पहली बार हुआ




है कि बीएमसी ने टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता की बात स्वीकार की है। यह बीएमसी पर कलंक है।

मनपा प्रशासन ने देवनार डंपिंग ग्राउंड में कचरे से बिजली बनाने के लिए जिस कंपनी को ठेका देने का निर्णय लिया था, उस कंपनी ने ठेका प्रक्रिया में दर भरने वाले सी पैकेट में पैसों का उल्लेख ही नहीं किया था। बावजूद इसके मनपा ने ठेकेदार को कचरे से बिजली बनाने का ठेका दिया था। मनपा के इस निर्णय पर चेन्नै की एमएसडब्ल्यू और सुएज एनवायर इंडिया लिमिटेड कंपनी आगे आई थीं। चेन्नै की कंपनी ने निविदा प्रक्रिया में सी पैकेट, जिस पर काम करने की कीमत भरी जाती है, उसे भरा ही नहीं था, जबकि दूसरे स्थान की कंपनी सुएज ने निविदा प्रक्रिया में काम करने की कीमत भरी थी। बाद में जब टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाने लगा, तब चेन्नै की कंपनी की कीमत सामने आई। कंपनी का कम रेट होने के कारण उसे प्रशासन ने ठेका दे दिया।

इस निर्णय का विरोध करते हुए शिवसेना की नेता विशाखा राउत ने आरोप लगाया कि बीएमसी प्रशासन ने घोटालेबाज कंपनी को ठेका देने का निर्णय लिया है, जो कुछ साल पहले मध्य प्रदेश में इसी तरह के दूसरे काम में ब्लैक लिस्ट हो चुकी है। बीएमसी में नेता विपक्ष रवि राजा ने कहा कि बीएमसी कचरे से बिजली पैदा करने की परियोजना लगाने में नाकाम रही है। समाजवादी पार्टी के रईस शेख ने आरोप लगाया कि बीएमसी कोर्ट और स्थायी समिति दोनों को गुमराह कर रही है। बीएमसी ऐसे टेंडर के लिए कोर्ट में हलफनामा देती है कि स्थायी समिति से भी इसे मंजूरी मिल

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कोरेगांव-भीमा मामले की जांच
# केंद्र को नहीं सौंपेगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा है कि उनकी सरकार कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले की जांच केंद्र को नहीं सौंपेगी। पुणे के शनिवारबाड़ा में 31 दिसंबर 2017 को आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन में कथित तौर पर दिए गए भड़काऊ भाषण के परिणामस्वरूप यह हिंसा भड़की थी। महाराष्ट्र सरकार ने हाल में एल्गार परिषद मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की मंजूरी दी थी।

ठाकरे ने कहा, 'एल्गार और कोरेगांव-भीमा दो अलग विषय हैं। मेरे दलित भाइयों से जुड़ा मुद्दा कोरेगांव-भीमा का है और इसे मैं केंद्र को नहीं सौंपूंगा। मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि दलित भाइयों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा।' हालांकि, एल्गार परिषद की जांच एनआईए को सौंपने के ठाकरे



के फैसले पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने हाल में सार्वजनिक तौर पर नाखुशी जाहिर की थी।दरअसल, शरद पवार खुलेआम बीजेपी सरकार पर इस मामले में कुछ छिपाने का आरोप लगा रहे हैं। पवार चाहते हैं कि जब राज्य सरकार की एसआईटी समानांतर जांच चलेगी, तो केंद्र सरकार की एजेंसी एनआईए पर निष्पक्ष जांच का दबाव रहेगा। दूसरी तरफ, पवार ने अपने मंत्रियों को यह सलाह भी दी थी कि पांच साल सरकार चलानी है तो मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ समन्वय रखना जरूरी है। हालांकि, अब यह देखना होगा कि पवार की मांग को सीधे-सीधे ठुकराकर यह समन्वय कैसे स्थापित होता है।


पार्टी के ज्यादातर नेता पार्टी प्रमुख शरद पवार द्वारा की जा रही एसआईटी जांच की मांग से सहमत थे और इस बात पर नाराज थे कि मुख्यमंत्री ने एनआईए जांच को मंजूरी क्यों दी। इस पर शरद पवार ने ही अपने नेताओं को समझाया कि कानून एनआईए जांच से राज्य सरकार इनकार नहीं कर सकती, लेकिन एनआईए कानून की धारा 10 के तहत राज्य सरकार ऐसे किसी भी केस की समानांतर जांच करा सकती है, जिसकी जांच एनआईए भी कर रही हो।

## कोरोना वायरसः महाराष्ट्र में पांच लोग अस्पताल में भर्ती कराये गये



**मुम्बई।** महाराष्ट्र में फिलहाल पांच यात्रियों को कोरोना वायरस की चपेट में आ जाने की आशंका से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह बात कही। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उनमें से तीन का पुणे के नायडू अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि दो का यहां कस्तूरबा अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार जनवरी मध्य से अब तक मुम्बई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कुल 39,784 यात्रियों का कोरोना वायरस को लेकर मेडिकल परीक्षण किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, कोरोना वायरस प्रभावित क्षेत्रों से आ रहे लोगों को ढूंढने के लिए राज्यभर में क्षेत्रीय निगरानी भी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मध्य जनवरी से मंगलवार तक राज्य में 228 यात्री कोरोना वायरस प्रभावित क्षेत्र से आये और उनमें से 70 में इस विषाणु के संक्रमण के लक्षण नजर आये और उन्हें पृथक केंद्रों में रखा गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, आज तक, राज्य प्रशासन द्वारा परीक्षण के लिए भेजे गये 66 नमूने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार निगेटिव पाये गये । विज्ञप्ति के अनुसार चीन में कोरोना वायरस के केंद्र वुहान से महाराष्ट्र पहुंचने वाले सभी विमान यात्रियों को केंद्र के निर्देशानुसार अलग रखा जा रहा है।

## मेट्रो स्टेशनों पर करा सकेंगे स्पा, सलून व अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी



मुंबई। मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की सुख-सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉपोरेशन लिमिटेड (टटफउछ) ने स्टेशनों पर सलून और स्पा खोलने का निर्णय लिया है। दफ्तर और घर की भागमभाग में कई यात्री सलून नहीं जा पाते। ऐसे में मेट्रो स्टेशनों पर ये सुविधाएं मिलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही मेट्रो-3 कॉरिडोर के यात्रियों को शॉपिंग के लिए मॉल्स जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एमएमआरसीएल ने स्टेशनों पर यात्रियों को सुपर मार्केट, फूड प्लाजा, बैंक और फार्मेसी की भी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजना बनाई है।

एमएमआरसीएल प्रवक्ता के अनुसार, यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर स्टेशनों का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। कॉरिडोर के चार प्रमुख स्टेशन कफ परेड, सिद्धिविनायक, बीकेसी और इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर 20 हजार से 40 हजार वर्ग फुट की जगह पर यात्रियों को यह सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। वहीं अन्य स्टेशनों पर 300 से 1000 वर्ग फुट तक की जगह पर सुपर मार्केट, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा। एमएमआरसीएल के अनुसार, स्पा और सलून की व्यवस्था मेट्रो के ऐसे स्टेशनों पर होगी, जहां पर मेट्रो यात्रियों समेत बड़ी संख्या में अन्य लोगों का भी आना-जाना होता है। कफ परेड, सिद्धिविनायक, बीकेसी और इंटरनैशनल एयरपोर्ट ऐसे ही कुछ स्थान हैं।

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रहे 33 किलोमीटर लंबे भूमिगत मेट्रो का टनलिंग का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गए है। स्टेशन समेत अन्य कार्य 55 प्रतिशत तक पूरे कर लिए गए हैं। एमएमआरसीएल पहले ही कफ परेड स्टेशन का करीब 7800 वर्गमीटर और सिद्धिविनायक स्टेशन पर करीब 2979 वर्गमीटर क्षेत्र पहले से ही किराए पर देने का निर्णय ले चुका है। एमएमआरसीएल ने पहले चरण के तहत दिसंबर 2021 तक आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। जून 2022 तक पूरे मार्ग पर मेट्रो दौड़ने लगेगी।

## मारिया की किताब से गरमाई राजनीति

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त राकेश मारिया की किताब 'लेट मी से इट नाउ' भाजपा ने जहां कांग्रेस पर हमला बोल दिया है, तो वहीं राकांपा ने मामले को गंभीर बताते हुए पूरे मामले की तह तक जाने की बात कही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि, मैं कांग्रेस और सभी उन लोगों की निंदा करता हूं, जिन्होंने हिंदू टेरर के झूठे आरोपों से उस समय देश को गुमराह करने की कोशिश की थी।

राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि राकेश मारिया बहुत अच्छे अधिकारी हैं। वे खुद उनसे बात करेंगे। पूरी जानकारी मंगाएंगे और जो भी गलत काम में लिप्त पाया गया, उस पर कार्रवाई करेंगे। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने गृह मंत्री देशमुख की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि निश्चित ही सरकार को मारिया के उठाए मुद्दे पर दखल देना चाहिए।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू आतंकवाद के नाम पर देश को गुमराह करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा कांग्रेस को साल 2014 और 2019 में भुगतना पड़ा। जनता ने उन्हें बुरी तरह से हराया। मारिया की किताब पर गोयल ने कहा कि ये बातें उन्हें तब बोलनी चाहिए थीं, जब वो पुलिस कमिश्नर थे। मारिया ने ये सब बात अभी क्यों बोली? जब वो पुलिस कमिश्नर थे, तब उन्हें ये सब बातें बोलनी चाहिए। वास्तव में सर्विस रूल्स में अगर कोई जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के पास है, तो उनके उसके ऊपर ऐक्शन लेना चाहिए था। मेरे ख्याल से बहुत गहरी साजिश रची गई थी कांग्रेस द्वारा, यूपीए द्वारा। झूठ और फरेब का एक और नमूना उस समय हमने देखा था, जब उन्होंने पूरी तरीके से झूठा हिंदू टेरर चिदंबरम साहब के कहने पर खड़ा करने की कोशिश की थी। मारिया की किताब पर भाजपा नेता राम माधव ने कहा कि कुछ बुद्धिजीवियों ने मुंबई आतंकवादी हमले को आरएसएस से जोड़ने का प्रयास किया था, उन्हें कांग्रेस नेताओं का समर्थन प्राप्त था। आज यह पता चला है कि यह आईएसआई द्वारा एक साजिश थी और कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी इसे आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे।

## शिवसेना ने पवार की तारीफ में पढ़े कसीदे, महा विकास अघाड़ी का मार्गदर्शक बताया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जहां शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने को तैयार हैं, वहीं उनकी पार्टी ने ठढ प्रमुख शरद पवार की तारीफ में गुरुवार को ढेरों कसीदे पढ़े और उन्हें राज्य की अगली सरकार का 'मार्गदर्शक' बताया है. शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में लिखा है की भले ही शिवसेना हिंदुत्व विचारधारा में यकीन करती हो, लेकिन राज्य में सरकार बनाने के लिए, उसने राकांपा और कांग्रेस के साथ 'महा विकास अघाड़ी' बनाया है गठबंधन बनाया है.'सामना' के संपादकीय में शिवसेना-ठढ-



कांग्रेस के गठबंधन को आगे लाने में शरद पवार के प्रयासों को स्वीकार किया गया है. साथ ही अजित पवार के यू-टर्न का श्रेय भी सामना में पवार को दिया गया है. साथ ही लिखा गया है कि राज्य के सियासी ड्रामे का मैन ऑफ द मैच' शरद पवार हैं.

शिवसेना की तरफ से कहा गया है शरद पवार जैसे मजबूत एवं अनुभवी ह्यमार्गदर्शक' हमारे साथ हैं. यह सरकार किसी के भी खिलाफ खराब मंशा के साथ काम नहीं करेगी. राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी भाजपा के सरकार बनाने में नकाम रहने के बाद, शिवसेना ने राजनीतिक आयाम में हुए इस परिवर्तन को महाराष्ट्र में नये सूर्योदय के समान बताया है.

शिवसेना ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के शासन तंत्र का प्रयोग किसी के भी खिलाफ साजिश रचने के लिए, नहीं किया जाएगा. सामना में कहा गया, इस वक्त जब देश भर के प्रमुख नेता दिल्ली के शासकों के सामने घुटने टेक रहे हैं, ऐसे में उद्धव ठाकरे ही हैं जो दवाब की इस तरह की चालों के सामने झुके नहीं.

उन्होंने अपने गौरव से समझौता नहीं किया और उन लोगों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया जिन्होंने उनसे झूठ' बोला.

# सीएम उद्धव बोले-शिवसेना और राकांपा को पहले ही साथ आना चाहिए था, जनता के विकास के लिए एकजुट हुए

**पुणे।** महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र की जनता की भलाई के लिए शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को बहुत पहले साथ आना चाहिए थे। उद्धव बुधवार को मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 390वीं जयंती पर पुणे के जुन्नार तालुका स्थित शिवनेरी किले में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने किले के निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा, हम, अजीत-दादा (पवार) और मैं (शिवसेना) अनावश्यक रूप से कई वर्षों से अलग क्यों रहे? हमें पहले बहुत एकजुट होना चाहिए था। लेकिन अब जब हम एक साथ हैं, मैं



लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि हम (महाविकास अघाड़ी सरकार) तब तक आराम नहीं करेंगे, जब तक कि हम राज्य का विकास नहीं करते हैं। ठाकरे की बात सुनकर वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगे। शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। ठाकरे ने वहां पालना समारोह में हिस्सा लिया और किले में विकास कार्य का मुआयना करने के बाद कहा, गरीब और जरूरतमंदों को लगता है कि यह उनकी सरकार है। इसलिए इतनी ज्यादा संख्या में लोग शिव जयंती के कार्यक्रम में यहां पहुंचे हैं। हमारी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मराठा प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामले होंगे वापस:** उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के किले और संग्रहालय को संरक्षित करने के लिए हर कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित करते हैं कि कोष की कोई कमी नहीं आएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2018 के मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस ले लिया जाएगा। शिवसेना प्रमुख ने इससे पहले ट्विटर पर भी शिवाजी को श्रद्धांजलि दी और शिव जयंती पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# परभणी में 5 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या के दोषी को अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

## इस मामले में विष्णु मदन गोरे नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था, बच्ची के गायब होने दो दिन बाद उसका शव एक बोर में बंद पाया गया था

**परभणी।** बुधवार को एक पांच वर्षीय बच्ची की हत्या और रेप के दोषी को स्थानीय अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। साल 2016 में हुई इस वारदात में पुलिस ने सोनेपत तालुका के रहने वाले विष्णु मदन गोरे नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। जिला सत्र न्यायालय के समक्ष सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) सचिन वाकोदकर ने कहा कि पीड़िता अक्टूबर 2016 में लापता हो गई थी। उसके दादा की शिकायत के दो दिन बाद उसका शव एक बोर में बंद पाया गया था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट



से खुलासा हुआ कि नाबालिग की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। रेप के बाद विष्णु ने बालिका का गला रस्सी से घोटा था और एक बैग में डालकर फेंक दिया था। जांच के क्रम में पुलिस ने आरोपी विष्णु को गिरफ्तार कर लिया था, जिसने बाद में बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या करने की बात कबूल की थी। पुलिस ने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 लगाया था।

**इस आधार पर करार दिया गया दोषी:** पीड़िता के दादा, चिकित्सा अधिकारी और पुलिस अधिकारियों की गवाही के आधार पर अदालत ने आरोपी को पीड़िता के बलात्कार और हत्या के आरोप में दोषी पाया। न्यायाधीश एसजी इनामदार ने आरोपी को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और आईपीसी की धारा 376 (ए) के तहत दोषी करार दिया है। इसके अलावा उसपर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**'एक महीने तक किया गैंगरेप'...**

पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला ने गत 10 फरवरी को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके साथ बीजेपी विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी और उनके साथियों संदीप, सचिन, चंद्रभूषण, दीपक, प्रकाश और नीतेश ने एक होटल में एक महीने तक बारी-बारी से बलात्कार किया। इसके अलावा एक बार जब वह गर्भवती हुई तो जबरदस्ती उसका गर्भपात करा दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा को सौंपी गई थी। महिला के बयान और होटल सहित तमाम बिंदुओं पर जांच के बाद बुधवार को बीजेपी विधायक समेत सातों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। सिंह ने बताया कि महिला का मैजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराने के साथ मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। अभी फिलहाल गिरफ्तारी नहीं होगी। बता दें कि इस तरह का प्रकरण सामने आने से भदोही जिले की सियासत गरमा गई है। इस मामले के बाद भदोही और ज्ञानपुर के विधायक के बीच सियासी अदावत तेज हो गई है। वाराणसी की लोहटिया निवासी एक विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक आरबी सिंह को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि भदोही के बीजेपी विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी के भतीजे संदीप से छह साल पहले मुंबई से लौटते समय उसकी मुलाकात ट्रेन में हुई थी। महिला ने सबसे बड़ा सनसनीखेज यह आरोप लगाया है कि यूपी के 2017 के आम चुनाव के दौरान भदोही शहर के एक होटल में उसे डेढ़ महीने तक रखा गया। इस दौरान उसके साथ लगातर रेप किया गया। यही नहीं, महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ उस दौरान चुनावी मैदान में उतरे बीजेपी विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी ने भी बलात्कार किया। त्रिपाठी का दावा है कि यह सब उनकी लोकप्रियता से घबराकर विरोधी खेमे के ज्ञानपुर विधायक विजय मिश्र की तरफ से किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि विधायक के अवैध खनन और दूसरे विकासकार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी। उन्होंने सवाल किया कि अगर महिला के साथ ऐसा हो रहा था तो वह 6 साल से चुप क्यों थी। विधायक का दावा है कि वह किसी भी जांच के लिए तैयार हैं। उधर ज्ञानपुर विधायक विजय मिश्र ने भदोही विधायक के आरोप से अनभिज्ञता जताई थी। उन्होंने कहा है कि उनके संज्ञान में इस तरह का कोई प्रकरण नहीं आया है।

**त्राल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 3 आतंकी मार गिराए**

इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्रवाई में दहशतगर्द ढेर हो गए। इलाके में कानून व्यवस्था नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। सेना के सूत्रों के मुताबिक, आतंकी अंसार गजवत-उल-हिंद संगठन से जुड़े थे। इनके नाम जहांगीर रफी वानी, राजा उमर मकबूल भट और उजैर अमीन भट हैं। उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। जहांगीर पहले त्राल में हिजबुल मुजाहिदीन का सेकंड कमांड था। वह इसी साल जनवरी में गजवत हिंद में शामिल हुआ था। ये आतंकी लंबे वक्त से लोगों को मारने और धमकाने की घटनाओं में शामिल रह चुके हैं।

**मामूली बात में फल विक्रेता ने जोमेटो...**

दोनों का देर रात 12.30 बजे पीड़िता अमोल भास्कर सूरतकर(30) से गाड़ी और फल का ठेला लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। मामला इस कदर बढ़ा कि सचिन और उसके साथी ने अमोल पर चाकू से कई बार प्रहार कर दिया। इसमें उसके दिल और पेट में गंभीर चोट आई। आस पास खड़े लोगों ने उसे पास के हॉस्पिटल में एडमिट करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मूल रुप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले फल विक्रेता ने वारदात के बाद वहां से भागने का प्रयास किया, हालांकि उसे कुछ ही देर में पुलिस ने कुर्ला स्टेशन से पकड़ लिया। बाद में उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादा से वारदात को अंजाम देना) का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता, इंदिरा नगर इलाके का रहने वाला है। वह पवई, ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप जोमेटो के साथ काम करता था।









# सामना में शिवसेना का केंद्र पर निशाना

## ...लिखा- मोदी सरकार का महिलाओं को लेकर रुख अपमान करने वाला

**संवाददाता**

**सेना** में महिला अधिकारियों के कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए शिवसेना ने बुधवार को पार्टी के मुखपत्र 'सामना' की संपादकीय में केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। शिवसेना ने फैसले को महिला शक्ति की जीत करार देते हुए केंद्र के रुख को प्रतिगामी और महिलाओं का अपमान करने वाला करार दिया है। संपादकीय में केंद्र सरकार को अपने व्यवहार और दृष्टि में बदलाव करने की सलाह भी दी है। कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले का मतलब है कि केंद्र सरकार की सोच में दिक्कत है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सेना में लैंगिक समानता के



मार्ग में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुये महिला अधिकारियों के कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया और कहा कि सैन्य बलों में लैंगिक दुराग्रह खत्म करने के लिये सरकार को अपनी सोच बदलनी होगी। इस फैसले का हवाला देते हुए शिवसेना ने कहा,

**शिवसेना ने सेना में महिला अधिकारियों से जुड़े कोर्ट के फैसले को महिला शक्ति की जीत करार दिया**

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब बहादुरी और कुर्बानी की बात आती है तो उसमें कोई लैंगिक दुराग्रह नहीं रखा जा सकता है। यह फैसला महिला शक्ति की जीत है। मुखपत्र में कहा गया है कि यह स्तब्ध करने वाला है कि केंद्र सरकार ने महिलाओं की शारीरिक क्षमता और मानसिक शक्ति पर सवाल उठाया।


**वीरांगनाओं का उदहारण देकर मोदी सरकार पर साधा निशाना:** शिवसेना ने इसमें रानी लक्ष्मीबाई, महारानी ताराबाई, रानी चेन्नम्मा, अहिल्याबाई होल्कर की बहादुरी और वीरता का भी हवाला देते हुए लिखा, केंद्र का रुख प्रतिगामी सोच दिखाता है और यह महिलाओं का अपमान है। केंद्र सरकार का इतिहास कमजोर लगता है। संपादकीय में कहा गया है कि आजाद हिंद फौज की कप्तान लक्ष्मी सहगल को कौन भूल सकता है? केंद्र सरकार को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है।


# राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- भारत का बर्ताव हमारे साथ अच्छा नहीं, लेकिन मैं प्रधानमंत्री मोदी को पसंद करता हूं

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो भारत से बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यह डील भविष्य के लिए बचा कर रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अमेरिका के साथ कारोबार के क्षेत्र में अच्छा बर्ताव नहीं करता, लेकिन वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काफी पसंद करते हैं और दोनों अच्छे दोस्त हैं। ट्रम्प ने हाल ही में भारत दौरे से पहले व्यापार समझौते को लेकर कहा था कि हम एक बेहतर डील करेंगे। हालांकि, अब उन्होंने कहा है कि अभी यह तय नहीं है कि ये बड़ा समझौता अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले हो पाएगा या नहीं। ट्रम्प के इस बयान के बाद माना जा रहा है कि उनके अगले हफ्ते होने वाले भारत दौरे पर दोनों देशों के बीच व्यापार से जुड़ा कोई द्विपक्षीय समझौता न हो। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ट्रम्प भारत के साथ एक छोटे ट्रेड पैकेज पर सहमति बना सकते हैं। एंड्रयूज जॉइंट बेस पर मंगलवार को रिपोर्टर से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा, हम भारत के साथ व्यापार समझौता कर सकते हैं, लेकिन बड़े समझौते को मैं बाद के लिए बचा रहा हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति से जब पूछा गया कि क्या वे भारत दौरे से पहले व्यापार पर कोई समझौता करेंगे, तो उन्होंने कहा कि भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता तो होगा, हम यह जरूर करेंगे।

# छोटा शकील ने कहा- किताब बेचने के लिए झूठ बोल रहे पूर्व कमिश्नर

## मारिया ने कहा था- कसाब को मारने दाऊद को मिली थी सुपारी







**पूर्व** पुलिस कमिश्नर राकेश मारिया अपनी किताब 'लेट मी से इट नाउ' में हर दिन नए खुलासे कर रहे हैं। इसी कड़ी में मारिया ने खुलासा किया है कि 26/11 के हमलावर मोहम्मद अजमल आमिर कसाब को मारने के लिए अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम ने सुपारी ली थी। मारिया के इस खुलासे को गैंगस्टर छोटा शकील ने झूठ करार दिया है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए छोटा शकील ने कहा कि किताब में पब्लिसिटी पाने के लिए झूठी बातें लिखी गयी हैं। छोटा शकील ने कहा, ये सब झूठी बातें है। किताब बेचने के लिए ये सब किया जा रहा है। कसाब या किसी को मारने वारने का कोई सब्जेक्ट ही नहीं है हमारा। हिंदुस्तान में कौन झूठ नहीं बोलता, सब झूठ बोल रहे हैं। इस मुद्दे पर सरकारी वकील उज्जवल निकम ने भी कहा कि मुंबई पुलिस की चार्जशीट में कहीं भी इसका जिक्र नहीं था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस या लश्करे तैयबा या दाऊद इब्राहिम ने अजमल कसाब को मारने की सुपारी ली थी। उज्जवल निकम वह वकील हैं जिन्होंने अजमल कसाब को फांसी के फंदे तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**क्या लिखा है किताब में?:** मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया ने अपनी आत्मकथा 'लेट मी से इट नाउ' किताब में दावा किया है कि, दुश्मन (आतंकी कसाब) को जिंदा रखना मेरी पहली प्राथमिकता थी। कसाब के खिलाफ लोगों का आक्रोश और गुस्सा चरम पर था। इतना ही नहीं, मुंबई पुलिस के ऑफिसर भी आक्रोशित थे। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी कसाब को किसी भी हाल में उसे रास्ते से हटाने की फिराक में थे क्योंकि कसाब मुंबई हमले का सबसे बड़ा और एकलौता सबूत था।' उन्होंने लिखा है कि, अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम गैंग को कसाब को मारने की सुपारी भी दी गई थी।

# देश दुनिया की अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस का पड़ रहा असर

**इस** समय चीन को कोरोना वायरस से फैली बीमारी से ही नहीं जूझना पड़ रहा है। यह वहां की, और सिर्फ वहां की ही नहीं, कई देशों में स्वास्थ्य के आलावा अर्थव्यवस्था पर तीखा असर डाल रही है। कोरोना वायरस के कारण चीन ताला-बंद स्थिति में है। चीन आने जाने वाली दो दर्जन से अधिक एयरलाइंस ने उड़ानें बंद कर दी हैं। जापान, हांगकांग जैसे देशों ने चीन आने जाने वाले कई समुद्री जहाज बंदरगाहों से दूर रोक दिए हैं। हजारों लोग इन जहाजों में फंसे हैं। महामारी से जुड़े प्रतिबंधों के कारण हजारों चीनी कारखाने बंद हैं। उत्पादन ठप, यात्रा बंद और आपूर्ति स्थगित होने से चीनी स्टॉक एक्सचेंज में एक दिन में 700 बिलियन डॉलर का नुकसान दर्ज किया गया है।


अशोक भाटिया

अंतरराष्ट्रीय महाप्रभु बन चुके चीन को कोरोना ने गंभीर स्थिति में पटक दिया है। संक्रमण और मौतों से अलग कोरोना के असर की कुछ खबरें यूं हैं- ह्युंडई मोटर ने चीन से स्पेयर्स आपूर्ति नहीं मिलने के कारण दक्षिण कोरिया में उत्पादन बंद कर दिया है। दुनिया भर की कार कंपनियां चीन में अपने कारखाने बंद कर चुकी हैं। इनमें टाटा की जगुआर और लैंड रोवर योजना भी है। जर्मन स्पोर्ट्स वियर कंपनी एडिडास ने चीन में अपने स्टोर बंद कर दिए हैं। अमेरिका और चीन के व्यापार युद्ध में कोरोना वायरस ने एक नया आयाम जोड़ा है। कोरोना वायरस किस तरह मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी संकट बन गया है, इसका ही प्रमाण है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक। इस बैठक के बाद वित्त मंत्री ने यह स्वीकार किया कि कोरोना वायरस के चलते आयात एवं निर्यात प्रभावित हुआ है। माना जा रहा है कि ऑटो, टेलीकॉम, इलेक्ट्रॉनिक, टेक्सटाइल, फॉर्मा और केमिकल सेक्टर्स के प्रतिनिधि मौजूद थे जो अधिक प्रभावित होने वाले सेक्टर हैं। वास्तव में वे सभी उद्योग कठिनाई का सामना करेंगे जो कच्चे माल अथवा उपकरणों के लिए चीन पर निर्भर हैं या फिर जो अपने उत्पाद चीन भेजते हैं। इस मामले में जो स्थिति भारत की है वही दुनिया के अन्य अनेक देशों की भी। आवश्यकता केवल इसकी ही नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कोरोना वायरस के असर से बचाने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं, बल्कि यह जरूरी सबक सीखने की भी है कि उद्योग-व्यापार के मामले में किसी एक देश पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता ठीक नहीं। यदि भारत ने आयात-निर्यात के मामले में चीनी बाजार का कोई विकल्प तलाश रखा होता तो संभवतः आज संकट कहीं अधिक कम होता। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया ही जाना चाहिए कि भारतीय उद्योग जगत अपनी जरूरतों के लिए किसी एक देश पर आश्रित न रहे।यदि चीन जल्द ही कोरोना वायरस के असर से उबरता नहीं तो खुद उसकी अर्थव्यवस्था तो और गोता लगाएगी ही, विश्व अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। एक ऐसे समय जब विश्व अर्थव्यवस्था पहले से ही सुस्ती का शिकार है तब चीन में फैला कोरोना वायरस किसी मुसीबत से कम नहीं। यह समय की मांग है कि विश्व समुदाय चीन के समक्ष यह स्पष्ट करे कि इस मुसीबत की जड़ में उसकी लापरवाही और उसके तानाशाही भरे तौर-तरीके ही जिम्मेदार हैं। यदि चीन ने कोरोना वायरस को लेकर अपने लोगों और साथ ही विश्व समुदाय को समय पर सही सूचना दी होती तो शायद हालात कुछ और होते। जब चीन का संकट पूरी दुनिया के लिए संकट बन गया है तब कम से कम उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को तो चीनी प्रशासन से जवाबदेही लेनी ही चाहिए जो वहां पर काम कर रही हैं। यह ठीक नहीं कि इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने आर्थिक हितों के लोभ में चीनी शासन के तानाशाही भरे व्यवहार की परवाह नहीं की। बेहतर होगा कि चीनी शासन भी यह समझे कि वह लोकतांत्रिक परिपाटी की अनदेखी कर न तो अपना हित कर सकता है और न ही अन्य किसी का। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि भारत सरकार कोरोना वायरस के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए क्या कदम उठाने जा रही है? यह भी गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था तभी सुधरेगी जब सभी देश इस बीमारी से फैलने वाली महामारी को रोकने के लिए जल्द से जल्द उपचार, वेक्सिन आदि की व्यवस्था होगी क्योंकि यह बीमारी हवा से भी फैल सकती रही है।

# राज्य में शिवभोजन थाली की संख्या हुई दोगुनी

## अब हर दिन मिलेंगी 36 हजार थाली

**महाविकास** आघाडी सरकार ने शिवभोजन योजना के तहत थाली की संख्या को बढ़ा कर प्रतिदिन 18 हजार से 36 हजार कर दिया है। शिव भोजन योजना को मिल रहे रिस्पांस को देखते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने योजना के विस्तार का निर्देश दिया था। इसके अनुसार खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने भोजन की थाली की संख्या को दोगुना कर दिया है। मंगलवार को खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से इस संबंध में शासनादेश जारी किया गया। इसके अनुसार




फिलहाल शिवभोजन केंद्र पर न्यूनतम 75 और अधिकतम 150 थाली उपलब्ध कराई जाती थी। लेकिन योजना का दायरा बढ़ाने के बाद अब केंद्रों पर न्यूनतम 75 और अधिकतम 200 थाली उपलब्ध कराई जा सकेगी। सरकार के खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने शिवभोजन योजना के लिए केंद्र चयन के लिए मापदंड तैयार किया है। इसके अनुसार ही नए केंद्रों का चयन हो सकेगा। इन केंद्रों पर आवश्यकता के अनुसार थाली की सीमा 200 तक बढ़ाई जा सकेगी।

**इन जगहों पर शुरू किए गए हैं शिवभोजन केंद्र:** सरकार की ओर से कहा गया है कि सरकारी कार्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और बाजार जैसे मुख्य जगहों पर शिवभोजन के लिए केंद्र शुरू किए गए हैं। इस योजना का भविष्य में और विस्तार किया जाएगा। राज्य के 148 केंद्रों पर 18 फरवरी को 16 हजार 237 लोगों ने शिव भोजन योजना के तहत थाली का लाभ लिया है। सरकार की ओर से शुरू किए गए केंद्रों पर 10 रुपए में थाली दी जाती है।

# ऑपरेशन के जरिए महिला से पुरुष बने कॉन्स्टेबल ने की शादी, कहा- दूसरों को फेरे लेते देख तकलीफ होती थी

## ललित को अपना सेक्स चेंज करवाने के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी

**मुंबई** के एक हॉस्पिटल में 2 साल पहले सेक्स चेंज करवाकर महिला से पुरुष बने पुलिस कॉन्स्टेबल ललित साल्वे ने रविवार को शादी कर ली। 32 वर्षीय ललित पहले ललिता के नाम से जाने जाते थे। एक लंबी लड़ाई के बाद ललित ने साल 2018 में मुंबई के सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल में अपना सेक्स चेंज करवाया था। ललित की शादी औरंगाबाद के एक मंदिर में बेहद सादे समारोह में सीमा से हुई। शादी में सिर्फ परिवार के लोग ही शामिल हुए। ललित के मुताबिक, सीमा को उनके अतीत के बारे में सब पता है और वह उसका सम्मान करती है। ललित



ने कहा, मैं सोचता था कि शादी मेरे भाग्य में नहीं है। दूसरों की शादी में जाता था तो यह अहसास और सालता था। सीमा भी कहती है कि उसके लिए विश्वास करना मुश्किल था कि उसकी शादी मेरे साथ हो रही है। उसने शादी के लिए हां करने से पहले मुझे जानने की कोशिश की। वह मेरा सम्मान करती है और हमारे माता-पिता खुश हैं। सादे समारोह में शादी करने वाले ललित ने अपने गांव में एक बड़ा रिसेप्शन रखा है। इसमें गांव और परिवार के लोगों के अलावा उसका ऑपरेशन करने वाले डॉ. रजत कपूर और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत शामिल होंगी।

**2009 में पुलिस जॉइन की, जांच में जेंडर आइडेंटिटी डिसऑर्डर का पता चला:** ललिता साल्वे 2009 में एक महिला कॉन्स्टेबल के रूप में महाराष्ट्र पुलिस में भर्ती हुईं। उन्हें पहली पोस्टिंग बीड जिले में मिली। नौकरी जॉइन करने के बाद जेजे हॉस्पिटल में उनकी जांच हुई और पता चला कि उनकी बॉडी में यूट्रस, फैलोपियन ट्यूब, वेजाइना और ब्रेस्ट नहीं है। डॉक्टरों के मुताबिक, उन्हें जेंडर आइडेंटिटी डिसऑर्डर था। इसके बाद ललिता ने तय किया कि वे अपना सेक्स चेंज करवाकर पुरुष बनेंगी। 2017 में उन्होंने बीड के तत्कालीन एसपी को पत्र लिखकर अपनी इच्छा बताई।

**ललिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट से परमीशन मांगी, फडणवीस ने छुट्टी मंजूर करवाई:** यह मामला महाराष्ट्र के डीजीपी तक पहुंचा और ललिता ने उनसे सेक्स चेंज ऑपरेशन के लिए एक महीने की छुट्टी मांगी। हालांकि, नियम का हवाला देते हुए इसे खारिज कर दिया गया। जिसके बाद ललिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आखिरकार तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले में पहल की और ललिता की छुट्टी मंजूर करवाई। 2018 में मुंबई के सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल में उनकी सफल सर्जरी हुई।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# यूपी बजट 2020: योगी सरकार पर बरसे अखिलेश-माया, कहा- सरकार के दावे खोखले

**लखनऊ।** बीएसपी की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को जनता की अपेक्षाओं के साथ छलावा बताते हुए कहा है कि बजट में सरकार ने जो बड़े-बड़े वादे और दावे किए हैं, वे पूरी तरह से खोखले हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बजट को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में बजट पेश किया था।

राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीट कर कहा, 'यूपी सरकार का विधानसभा में पेश बजट जनता की आशाओं और आकांक्षाओं के साथ छलावा है। इस बजट से प्रदेश का विकास और यहां की 22 करोड़ जनता का हित और कल्याण संभव नहीं है।' उन्होंने कहा, 'यही बुरा हाल इनके (योगी सरकार) पिछले बजटों का भी रहा है, जो जनहित एवं जनकल्याण के मामले में बीजेपी की



कमजोर इच्छाशक्ति का परिणाम है।'

मायावती ने एक अन्य ट्वीट में सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, 'यूपी सरकार के आज के बजट में जो भी बड़े-बड़े दावे और वादे किए गए हैं, वे पिछले अनुभवों के आधार पर काफी खोखले और कागजी ही ज्यादा लगते हैं। केन्द्र की तरह यूपी की बीजेपी सरकार ऐसे दावे एवं वादे क्यों करती है जो लोगों को आम तौर पर जमीनी हकीकत से दूर तथा विश्वास से परे लगते हैं?'

वहीं एसपी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'इस बार योगी सरकार का चौथा बजट था। कितनी बार किसानों की आय दोगुनी करने के दावे हुए हैं लेकिन एक परसेंट भी किसान की आय नहीं बढ़ी है।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गोली और बोली का परसेप्शन बन गया है। अखिलेश ने आगे कहा कि सरकार का प्रिय कार्य गंगा की सफाई है लेकिन हकीकत में कितनी सफाई हुई है, यह जमीन पर दिख रहा है। ना गंगा साफ हुई है ना यमुना, जब सरकार की नीयत साफ होगी तभी नदियां साफ होंगी।

बेरोजगारी को लेकर अखिलेश ने कहा कि लोगों को ना काम मिल रहा है और ना ही नौकरी। उन्होंने कहा, 'वह डिस्ट्रिक्ट, वन पॉडक्ट कहां है। सरकार को इस बजट में उपलब्धियां बतानी चाहिए थीं। पुलिस का इन्फ्रास्ट्रक्चर कितना बढ़ा है, कितने थाने बने हैं, कितनी पुलिस बिल्डिंग बनी हैं, इन सवालों के जवाब सरकार को देने चाहिए थे।'

वहीं, आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार के बजट को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने और खेती को लेकर योगी सरकार का बजट घोर निराश करता है। युवाओं को रोजगार के अवसर कैसे प्रदान होंगे, सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की हालत कैसे सुधरेगी, बजट में इसका कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 5,12,860.72 करोड़ रुपये का बजट पेश करते हुए इसमें 10,967.80 करोड़ रुपये की नई योजनाओं का प्रावधान किया है।

## 10 हजार के टूर पैकेज का लालच, 85 साल के बुजुर्ग को लगी 9 करोड़ की चपत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित पंचवटी इलाके के एक 85 वर्षीय बुजुर्ग ने सोमवार को साइबर क्राइम पुलिस में 9 करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया कि 33 व्यक्तियों ने उन्हें 10,000 रुपये के टूर पैकेज के बहाने बहला-फुसलाकर 9 करोड़ रुपये का चूना लगाया।

एफआईआर के मुताबिक, पटेल सोसाइटी में रहने वाले दिनेश पटेल का कहना है कि अलग-अलग व्यक्तियों ने उनसे टूर पैकेज ने नाम पर करोड़ों रुपये ट्रांसफर करा लिए। आरोपियों के कहने पर पटेल ने 18 अक्टूबर, 2017 और 27 नवंबर, 2019 के बीच ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से ये पैसे ट्रांसफर किए। एफआईआर में कहा गया है कि उन्हें 18 अक्टूबर, 2017 को एक नामी ट्रैवल फर्म के नाम से हॉलिडे टूर पैकेज को लेकर एक ईमेल मिला। पटेल को यह मेल असली लगा क्योंकि इसमें एक नामी ट्रैवल फर्म का नाम शामिल था। ईमेल में टूर पैकेज का लाभ उठाने के लिए 10,000 रुपये का पेमेंट करने के लिए कहा गया था। साथ ही पटेल को इस पेमेंट के बाद एक गिफ्ट का वादा भी किया गया था। इसके बाद धोखाधड़ी का सिलसिला शुरू हुआ और अलग-अलग लोगों ने नियमित अंतराल पर उनसे संपर्क किया और टूर पैकेज के लिए उनसे पैसे की मांग करते रहे। दो साल में पटेल ने 10,000 रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक के 80 अलग-अलग ट्रांजैक्शन करते हुए 9 करोड़ रुपये का पेमेंट कर डाला।

## यूपीपीएससी की भर्तियों में भी 'पिछड़ों' को कोटा

**लखनऊ।** योगी सरकार यूपी लोकसेवा आयोग की भर्तियों में भी आर्थिक रूप से पिछड़ों को 10 फीसदी कोटा देगी। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए सरकार इसी बजट सत्र में विधेयक भी लाने की तैयारी कर रही है। आरक्षण का लाभ पाने वालों के परिवार की सभी स्रोतों से होने वाली कुल वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

हालांकि, यूपीपीएससी में यह व्यवस्था 18 फरवरी, 2019 के एक आदेश से लागू है, पर अब सरकार इसे विधिक रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) विधेयक, 2020 लाने जा रही है। आरक्षण का लाभ पाने वालों को अपने क्षेत्र के तहसीलदार से जारी आय और परिसंपत्ति का प्रमाण पत्र भी देना होगा।

-बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 बेड का बच्चों का वॉर्ड बनाने को 284 करोड़ रुपये देने को मंजूरी

-पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए 175 करोड़ रुपये दिए जाएंगे

-मंडी समितियों की आय का चार फीसदी तक चैरिटेबल संस्थाओं को दिया जाएगा। निराश्रित गोवंश पालने वाली संस्थाएं भी को इसमें शामिल कर लिया गया है

## जरा सी सर्दी... और लोग करा रहे कोरोना की जांच, रिपोर्ट भी पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** अगर आप अपने मन से कोरोना वायरस की जांच कराते हैं और रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो डरें नहीं। जिस कोरोना वायरस की जांच आपने कराई है, वह आम वायरस है। उससे डरने की बात नहीं है। खतरा उस कोरोना वायरस से है, जो अभी चीन में फैला हुआ है। देश और दुनिया में पहले से मौजूद पुराने कोरोना वायरस से कोई खतरा नहीं है। चीन में जो कोरोना वायरस फैला है, वह नया वायरस है। उसका नाम '2019 नोवल कोरोना वायरस' है। इसे उडश्कऊ-19 के नाम से भी जानते हैं। यह वायरस अभी तक दिल्ली में नहीं है। इसकी पहचान दिल्ली में सिर्फ दो लैब में हो सकती है। ये एम्स और एनसीडीसी की लैब हैं। ऐसे में बिना वजह न तो जांच




कराएं और अगर जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आए तो डरें नहीं और ना ही पैनिक फैलाएं।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल के रेसपिरेटरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर देश दीपक ने बताया कि मंगलवार दो ऐसे मरीज उनके यहां पहुंचे। उनकी रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव था। दरअसल, यह पुराना कोरोना वायरस का संक्रमण था, जो हमारी सोसायटी में पहले से मौजूद है। इस वायरस का असर नाम मात्र है। ऐसे में अगर लोग जांच कराएंगे, तो उनमें से कुछ में यह पॉजिटिव आ भी सकता है। लेकिन यह वह वायरस नहीं है, जो चीन में फैला है। इसलिए इसके पॉजिटिव आने से भी डरने की कोई बात नहीं है। डॉक्टर दीपक ने बताया कि अभी लोग कोरोना का नाम सुन कर ही जांच कराने आ जा रहे हैं। यह सही नहीं है। ऐसा करना बिना वजह पैनिक फैलाना है।

डॉक्टर दीपक ने कहा कि कोरोना कोई नया वायरस नहीं है। पहले से यह वायरस एक्टिव है। एक परिवार की तरह इस वायरस के कई प्रकार हैं, जो पूरी दुनिया में एक्टिव हैं। उन्होंने कहा कि कॉमन रूप से पहले से कोरोना के 4 वायरस एक्टिव हैं, लेकिन यह साधारण वायरस की तरह हैं।

## चार्जशीटः वीडियो फुटेज, 100 गवाहों के बयान और शरजील का कबूलनामा

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में राजधानी में 10 उपद्रव हुए थे। इसके तहत अब तक जेएनयू स्टूडेंट शरजील इमाम समेत 103 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में जामिया और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में 15 दिसंबर को हुई हिंसा के मामले में पहली चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई है। इनमें 18 आरोपियों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। पुलिस का दावा है कि जेएनयू के छात्र शरजील इमाम ने 13 दिसंबर को कथित भड़काऊ भाषण देने और अपने साथियों के साथ 15 दिसंबर के प्रदर्शन में शामिल होना कबूला है। इसलिए उसे भी आरोपी बनाया जा रहा है।

साकेत कोर्ट में 13 फरवरी को दाखिल चार्जशीट में कहा गया है कि 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके लिए इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इनमें आरोपियों को हिंसा और आगजनी करते हुए पाया गया। स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम की तरफ से दाखिल चार्जशीट में एसआई मिंटू सिंह ने बताया है कि जामिया इलाके में 6 बसों समेत 12 गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। एनएफसी इलाके में 29 गाड़ियां इस हिंसा का शिकार बनीं, जिनमें 10 बसें शामिल थीं।

पुलिस ने इलाज के दौरान गोली लगने की बात करने वाले राहगीरों के बयान का भी जिक्र किया है। एसएफएल की रिपोर्ट और एमएलसी के बाद सामने आया है कि गोली लगने का दावा गलत था। मथुरा रोड पर जरूर .32 बोर का एक खाली कारतूस पाया गया था। चार्जशीट में बताया गया है कि 8 न्यूज चैनलों और हिंसा से प्रभावित इलाकों से सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिए गए। इनकी जांच करने के बाद 17 आरोपियों की पहचान की गई। इन्होंने पूछताछ के दौरान हिंसा और आगजनी में शामिल होने की बात कबूली है। सीसीटीवी फुटेज में भी सभी आरोपी साफ नजर आ रहे हैं। चार्जशीट में एसआईटी ने बताया है कि पूर्व विधायक मोहम्मद आसिफ खान, स्थानीय नेता आशू खान, मुस्तफा हैदर, आइसा के जामिया सेक्रेटरी चंदन कुमार, आसिफ तनहा और जामिया में सीवीईएसएस के कासिम उस्मानी का नाम एफआईआर में है। इन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# डेनमार्क का सबसे खूबसूरत आइलैंड, हर साल गर्मी में खून से लाल हो जाता है समुद्र



यूरोप में स्थित डेनमार्क दुनिया का दूसरा सबसे खुशहाल और शांत देश है। 57 लाख की आबादी वाले इस देश की प्राकृतिक खूबसूरती देखने लायक है। लेकिन यहां के एक आइलैंड को देखकर आपको लगेगा कि आप परियों के देश में पहुंच गए हैं। हालांकि यहां की एक प्रथा के बारे में जानकर आपको बुरा लगेगा। इस प्रथा के कारण हर साल गर्मियों में यहां समुद्र खून से लाल हो जाता है।

**बेहद खूबसूरत है द्वीप**

फेरो आइलैंड स्कॉटलैंड के उत्तर में 200 मील की दूरी पर स्थित है और डेनमार्क किंगडम का हिस्सा है। इस द्वीप की खूबसूरती किसी को भी लुभा सकती है।

**50 हजार है आबादी**

डेनमार्क का हिस्सा होने के बावजूद यह यूरोपियन यूनियन में शामिल नहीं है और उसके नियमों को नहीं मानता है। साल 2019 में यहां की आबादी लगभग 50 हजार थी।

**वायरल हुई थी एक तस्वीर**

पिछले दिनों फेरो आइलैंड की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद इस द्वीप की एक परंपरा के खिलाफ दुनिया भर पर्यावरण कार्यकताओं ने आवाज बुलंद की थी।

**'द ग्राइन्ड' से लाल होता है समुद्र**

फेरो आइलैंड के निवासी हर साल गर्मियों में 'द ग्राइन्ड' नाम की परंपरा का पालन करते हैं। इसके तहत लोग समुद्री पायलट वेल मछलियों का शिकार करते हैं। शिकार के कारण एक हिस्से में समुद्र का पानी खून से लाल हो जाता है।

**2019 में हजार वेल्स का शिकार**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो साल 2019 में 1000 हजार से ज्यादा वेल मछलियों का शिकार किया गया था।

**भोजन का हिस्सा है पायलट वेल का मांस**

पायलट वेल का मांस द्वीप के लोगों के भोजन में सदियों से हिस्सा रहा है। स्थानीय लोग वेल के मांस को उबाल कर, भून कर और सुखाकर खाते हैं। हालांकि इस परंपरा के खिलाफ लगातार आवाज उठाई जा रही है।

**बिना पैसों के करते हैं शेयर**

स्थानीय लोग वेल के मांस को बिना पैसों के एक-दूसरे को शेयर करते हैं। बहुत कम मात्रा में मांस को बाहर भेजा जाता है। यहां वेल्स के शिकार को कानूनी मान्यता मिली हुई है।

**आय का मुख्य स्रोत है मछली पकड़ना**

मछली पकड़ना और इससे संबंधित अन्य काम यहां के लोगों के आय का मुख्य स्रोत है। वेल्स के शिकार के विरोध को लेकर स्थानीय लोग काफी नाराज नजर आते हैं।

**आइलैंड पर जंगल नहीं**

लोगों का कहना है कि उनके भोजन का ज्यादातर हिस्सा वेल से आता है। जंगल या अन्य साधन मौजूद नहीं होने के कारण उन्हें ज्यादातर समुद्र पर ही निर्भर रहना होता है।

**खूबसूरत नजारों की भरमार**

काफी संख्या में सैलानी इस खूबसूरत आइलैंड पर आते हैं। हरे-भरे घास के मैदान, खूबसूरत समुद्री तट और लजीज भोजन फेरो आइलैंड पर आने वाले सैलानियों का स्वागत करते हैं। यहां के खूबसूरत नजारे किसी को भी मंत्रमुग्ध कर सकते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
काम की अधिकता रहेगी। विचलित न हों संयम बनाए रखें। अपना व्यवहार कार्यालय में ठीक रखें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**सिंह**
काम अधिक होने से चिड़चिड़ाहट हो सकती है। अधिकारी से विवाद हो सकता है। काम पेंडिंग न रखें। धन की कमी रहेगी।

**धनु**
काम की अधिकता रहेगी। समय पर सब काम पूरे हो जाएंगे। अपना काम किसी और को न सौंपें। मांगलिक कार्यक्रमों में जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
अचानक काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सहकर्मी से विवाद हो सकता है। धनतंगी रहेगी।

**कन्या**
प्रॉपर्टी में निवेश के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। किसी को उधार न दें। वाहन सतर्कता से चलाएं। खानपान में अति न करें।

**मकर**
कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ सकती है। तनाव ग्रस्त हो सकते हैं। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। खानपान का ध्यान रखें।

**मिथुन**
प्रॉपर्टी संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी। कोई भी निर्णय सोच समझकर लें। काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। वाहन सावधानी से चलाएं।

**तुला**
कोई आपको भ्रमित करने का प्रयास कर सकता है। अच्छा होगा सतर्कता से कोई निर्णय लें। चोरी, दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**कुंभ**
अपने कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ेगी लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। बच्चों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

**कर्क**
बच्चों को लेकर चिंता बनी रहेगी। कॅरियर के लिए निर्णायक दौर चल रहा है। कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है। सतर्क रहें।

**वृश्चिक**
किसी के प्रलोभन में न आएं काम बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक विवादों में न पड़ें। अधिकारी वर्ग की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**मीन**
कोई अनजान व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। किसी को कर्ज न दें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। समय प्रतिकूल चल रहा है इसलिये सतर्क रहें।

# चलती ट्रेन पर स्टंट करना पड़ गया भारी, दे गया जिंदगी भर की सीख

चलती ट्रेन पर स्टंट करने का वीडियो आपने कई बार देखा है। एक बार फिर ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स चलती ट्रेन पर स्टंट करने की कोशिश करता है। लेकिन होता है उसकी उम्मीद से बिल्कुल उलट। यह घटना उसके लिए जीवन भर की सीख देने वाला है।

दरअसल एक शख्स चलती हुई ट्रेन से नीचे उतरने की कोशिश करता है। ट्रेन की स्पीड तेज है और वह शख्स दरवाजे के पास सीढ़ियों से नीचे उतर रहा है। तभी कोई दूसरा व्यक्ति उसका वीडियो बना रहा होता है। वह शख्स जैसे ही चलती ट्रेन से अपना पैर नीचे रखता है, नीचे पड़े पत्थरों पर उसका पैर असंतुलित होता है और वह नीचे गिर जाता है। तभी ट्रेन से लोगों के चीखने की आवाजें आती हैं।

वह ट्रेन से नीचे पटरियों के पास गिर जाता है और ट्रेन तेजी से आगे बढ़ती जाती है। उसकी किस्मत अच्छी थी कि वह ट्रेन के पहियों के नीचे नहीं आया, वरना आज उसके परिवार के लिए जीवन भर का दुख सहन करना होता। संभवतः उस युवक को अपने किए गए गलती का एहसास हुआ होगा, जो अब यह उसके लिए जीवन भर की सीख है।

चलती हुई ट्रेन से उतरना- चढ़ना जानलेवा है, इन्हें



देखिए स्टंट के चक्कर में अपनी जान से हाथ धो बैठते लेकिन हर बार किस्मत इनके साथ नहीं होगी।

यह वीडियो रेल मंत्रालय ने अपने ट्विटर पेज पर लोगों को जागरूक करने के लिए शेयर किया है। साथ ही लिखा है कि चलती हुई ट्रेन से उतरना-चढ़ना जानलेवा है, इन्हें देखिए स्टंट के चक्कर में अपनी जान से हाथ धो बैठते, लेकिन हर बार किस्मत इनके साथ नहीं होगी।

रेल मंत्रालय ने लोगों से अनुरोध किया है कि कृपया ऐसा ना करें और दूसरों को भी ना करने दे, जीवन अमूल्य है, स्टंट के चक्कर में अपनी जिंदगी को दांव पर ना लगाएं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इन आयुर्वेदिक औषधियों का इस्तेमाल दूर करेगा कई बीमारियां



बदलते मौसम और लाइफस्टाइल के कारण लोगों में बीमारियां भी बढ़ती जा रहें है। एक शोध के अनुसार आज के समय में हर 10 में 8वां व्यक्ति डायबिटीज, कैंसर, अस्थमा और गठिया जैसी खतरनाक बीमारियों से पीड़ित है। कुछ लोग तो इन बीमारियों को दूर करने के लिए कई तरह की दवाइयों का सेवन करते है लेकिन ज्यादा दवाइयों का सेवन लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। दवाइयों की बजाए आप ऐसी बीमारियों को कुछ घरेलू नुस्खों से दूर करते है। आपके रसोईघर में आसानी से मिलने वाली ये आयुर्वेदिक औषधियों इन बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर तो करती है, साथ ही यह आपको कई बीमारियों से बचाती भी हैं। तो चलिए जानते है ऐसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां, जो बिना किसी साइड इफेक्ट के आपको स्वस्थ रखेंगी और सेहत की समस्याओं को दूर भी करेगी। एसिडिटी से परेशान है तो अपनाएं ये आयुर्वेदिक उपचार

**1. लेमन ग्रास**
इसे चाय में डालकर पीने से शरीर, जोड़ों, सिर और मांसपेशियों के दर्द से निजात मिलती है। इसके अलावा इसकी 1 कप चाय थकावट और स्ट्रेस को भी दूर कर देती है।

**2. हल्दी**
एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर हल्दी जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस, पाचन विकार, दिल और लिवर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। इसके अलावा इसका सेवन शरीर में कैंसर सेल्स को मारने में मददगार होता है।

**3. सफेद कमल**
हैजा, पेट की बीमारियों, कब्ज और आंखों के ईंफेक्शन का इलाज करने के लिए सफेद कमल सबसे अच्छा है। इसके फूल, बीज और जड़ों को पीसकर खाने से यह सभी प्रॉब्लम दूर हो जाती है। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है धतूरे का पौधा, कई बीमारियां होंगी दूर

**4. पुदीना**
पुदीने की पत्तियों को कच्चा खाने से खून साफ होता है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों के कारण इससे गले की ईंफेक्शन, उल्लटियां, सिरदर्द और कैविटी प्रॉब्लम से छुटकारा मिलता है।

**5. मेहंदी की पत्तियां**
मेहंदी की पत्तियां शरीर को डीटॉक्स करके कब्ज और यूरिन प्रॉब्लम को दूर करती है। इसके अलावा इसका सेवन छाले, अल्सर, चोट, बुखार, हैमरेज और मासिक दर्द से छुटकारा दिलाता है।

**6. गुलाब**
रोजाना गुलाब की पत्तियों का सेवन करने से दिल स्वस्थ रहता है। यह शरीर में ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाकर ब्लड प्रेशर को कम करता है। जिससे स्ट्रेस, मासिक पीड़ा, अपच और अनिद्रा की समस्याएं नहीं होती।

**7. सब्जा बीज**
इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड होने के कारण यह इम्यून सिस्टम को बढ़ाता है। फालूदा में कूलिंग एजेंट के तौर पर इस्तेमाल होने वाले सब्जा बीजों का सेवन शरीर में किसी भी तरह की सूजन को दूर करता है।

**8. इसबगोल**
कब्ज, जोड़ों और आंतों में दर्द होने पर इसबगोल का सेवन करें। इससे आपको इन समस्याओं से तुरंत आराम मिल जाएगा



# डायबिटीज को जड़ से खत्म करने के लिए करें हरे प्याज का सेवन

बदलते लाइफस्टाइल के साथ आज हर 10 में से 8 व्यक्ति डायबिटीज का शिकार है। एक शोध के अनुसार आज के समय में 4 करोड़ से अधिक लोग इस समस्या से पीड़ित हैं। गलत खान-पान और खून में शुगर की मात्रा अधिक होने पर यह बीमारी हो जाती है। लोग इसे कंट्रोल में रखने के लिए अपनी खान-पान की आदतों में सुधार से लेकर कई दवाइयों का सेवन करते है लेकिन फिर भी यह जड़ से खत्म नहीं होती। आज हम आपको डायबिटीज की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए एक असरदार तरीका बताने जा रहें हैं। हरे प्याज की मदद से आप डायबिटीज के साथ कई बीमारियों से छुटकारा पा सकते है। इससे आपकी डायबिटीज की बीमारी 7 दिन में ही खत्म हो जाएगी।

**डायबिटीज के कारण**
अधिक जंक फूड का सेवन
मोटापा
तनाव या डिप्रेशन
धूम्रपान या तंबाकू का सेवन
अधिक चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक पीना
अधिक मात्रा में चीनी का सेवन
जेनेटिक प्रॉब्लम

**डायबिटीज के लक्षण**
बार-बार पेशाब का आना
आंखों की रोशनी कम होना
ज्यादा प्यास लगना
कमजोरी महसूस होना
चोट या जख्म का देरी से भरना
हाथों, पैरों और गुप्तांगों में खुजली
भूख ज्यादा लगना
अचानक वजन कम होना
चक्कर आना
हृदय गति अनियमित होना
किडनी खराब होना

**शुगर का घरेलू उपचार**
इसके लिए आपको कुछ हरे प्याज को धोकर पानी में भिगो दें। इसे साफ पानी में 24 घंटे तक भीगा रहने दें। इसके बाद इस पानी को छानकर पूरा दिन इसका सेवन करें। लगातार 7 दिनों तक इस पानी को पीने से आपकी डायबिटीज की समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी। इसका सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टरी सलाह जरूर करवा लीजिए।

# सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है पीपल, जानिए इसके चमत्कारी फायदे!

आजकल की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर 10 में से 8 व्यक्ति किसी न किसी बीमारी के शिकार है। कुछ लोग तो छोटी-छोटी समस्याओं के दूर करने के लिए भी दवाइयों का सेवन ही करते है लेकिन ज्यादा दवाइयों का सेवन भी लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी बजाए आप छोटी से लेकर बड़ी समस्याओं को कुछ घरेलू तरीकों द्वारा दूर कर सकते है। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर पीपल के पेड़ के पत्ते सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते है। इसका सेवन गैस, कब्ज, पेट दर्द, सांस की तकलीफ और सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा भी इसके पत्तों या छाल से अस्थमा, दिल के रोग और डायबिटीज जैसे बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आइए जानते है सेहत की कई समस्याओं को दूर करने वाले पीपल के फायदे।

**1. सांस संबंधी समस्याएं**
इसकी छाल का अंदरूनी हिस्सा निकालकर सुखा लें। इसके बाद इसे पीस कर चूर्ण बनाने के बाद दूध में उबालकर पीएं। इसका सेवन सांस संबंधी समस्याएं और अस्थमा की समस्या को दूर करता है।

**2. विष का प्रभाव**
किसी भी जहरीले जीव-जन्तु के काटने पर पीपल के पत्तों का रस निकाल कर इस जगहें पर डालें। इसके अलावा उस व्यक्ति को थोड़ी-थोड़ी देर बार इसका रस पीलाएं। इससे विष का असर कम हो जाएगा।

**3. पेट की प्रॉब्लम**
पेट में गैस, एसिडिटी, कब्ज, पेट दर्द, अल्सर और ईंफेक्शन की समस्या को दूर करने के लिए इसके ताजे पत्तों का रस रोजाना पीएं। सुबह-शाम इसका सेवन आपकी पेट की हर समस्या को दूर कर देगा।



**4. त्वचा रोग**
त्वचा पर होने वाली समस्याएं जैसी दाद-खाज, खुजली, रैशेज और स्किन ईंफेक्शन को दूर करने के लिए पीपल के पत्तों का काढ़ा बना कर पी लें। इसके अलावा फोड़े-फुंसी होने पर इसकी छाल को पीस कर घाव वाली जगहें पर लगाने से वो ठीक हो जाता है।

**5. डायबिटीज**
रोजाना पीपल की छाल का चूर्ण बनाकर दूध के साथ पीने से डायबिटीज का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसके पत्तों के रस का रोजाना सेवन डायबिटीज को खत्म करता है।

**6. दिल के रोग**
पीपल के पत्तों सा इसकी छाल का चूर्ण बनाकर रोजाना खाने से यह शरीर को दिल के रोगों से भी दूर रखता है। इसके औषधिएं गुण दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं।

**7. सर्दी-जुकाम**
एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर पीपल के पत्तों का काढ़ा बनाकर उसमें मिश्री मिला लें। इसका सेवन करने से सर्दी, जुकाम, खांसी और कफ की समस्या दूर हो जाएगी। इसके अलावा इसका सेवन वायरल ईंफेक्शन को भी खत्म करता है।

# रेसलर सुनील को एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड

## ग्रीको रोमन खिताब का भारत का 27 साल का इंतजार खत्म

**नई दिल्ली।** पहलवान सुनील कुमार ने मंगलवार को 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में किर्गीस्तान के अजात सालिदिनोव को 5-0 से हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के ग्रीको रोमन वर्ग में 27 साल में पहला गोल्ड मेडल दिलाया। सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करने वाले सुनील ने यहां केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपने विरोधी को आसानी से पछाड़ दिया।

इससे पहले सुनील सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के अजामत कुस्तुबायेव के खिलाफ 1-8 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए लगातार 11 अंक के साथ 12-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। सुनील 2019 में भी इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन उन्हें खिताबी मुकाबले में हार के कारण सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था।

एक अन्य भारतीय अर्जुन हलाकुर्की ने भी ग्रीको रोमन वर्ग की 55 किग्रा स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता।



अर्जुन का अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह पहला पदक है। अर्जुन सेमीफाइनल में ईरान के नासिरपोर के खिलाफ 7-1 से आगे चल रहे थे लेकिन उन्हें 7-8 से हार का सामना करना पड़ा।

## नवी मुंबई में होगा महिला अंडर-17 विश्व कप फाइनल

FIFA U-17 WOMEN'S WORLD CUP INDIA 2020

**नयी दिल्ली।** भारत में पहली बार होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का फाइनल 21 नवंबर को नवी मुंबई में होगा। आयोजन समिति ने मंगलवार को यहां घोषणा की। इस प्रतियोगिता के मैच देश के पांच शहरों अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोलकाता और नवी मुंबई में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी और इस दौरान कुल 32 मैच खेले जाएंगे। इस अवसर पर खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत जबकि एक अन्य फीफा प्रतियोगिता की मेजबानी की तैयारियों में जुटा है, मैं इसकी शानदार सफलता के लिये सारे देशवासियों से समर्थन की अपील करता हूं। हमारी भारतीय अंडर-17 महिला टीम पहली बार फीफा टूर्नामेंट में खेल रही है। ग्रुप चरण के मैच चार शहरों अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी और कोलकाता में खेले जाएंगे।

## मनप्रीत की अगुवाई में एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत

**नयी दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 और 22 फरवरी को खेले जाने वाले एफआईएच प्रो लीग मुकाबले के लिए हाकी इंडिया ने मनप्रीत सिंह की अगुवाई में मंगलवार को 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए हरमनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। हाल ही में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग के पिछले मुकाबले में विश्व चैम्पियन बेल्जियम को पहले मैच में 2-1 से हराया था जबकि दूसरे मुकाबले में उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। 24 सदस्यीय टीम में गोलकीपर पी आर श्रीजेश और कृष्ण पाठक के अलावा अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, बीरेंद्र लकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, गुरिंदर सिंह और रूपिंदर पाल सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी है। टीम में विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, चिंगलेनसाना सिंह, राज कुमार पाल, आकाशदीप सिंह, सुमित, ललित उपाध्याय, गुरसाहिबजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, एसवी सुनील, जरमनप्रीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, नीलाकांता शर्मा और रमनदीप सिंह भी शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, विश्व चैम्पियन के खिलाफ करीबी मुकाबले खेलने के बाद हम एक और मजबूत टीम से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमने फिर से टीम में मजबूत खिलाड़ियों को जगह दी है।


## वर्कलोड से थकान पर अगले तीन साल सभी प्रारूप खेलूंगा: विराट कोहली

**वेलिंग्टन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली खुद को 'तीन मुश्किल वर्षों' के लिए तैयार कर रहे हैं। इन तीन वर्षों में वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलेंगे। इसके बाद वह अपने वर्कलोड का आकलन करेंगे। कोहली चाहते हैं कि ट्रांजेशन पीरियड सेट हो जाए और उसके बाद वह इस पर विचार करें। दुनिया के चोटी के बल्लेबाज की नजर अगले तीन साल में होने वाले दो टी20 वर्ल्ड कप और एक 50 ओवरों के वर्ल्ड कप पर है। इसके बाद वह तीन में से किन्हीं दो प्रारूपों में खेलने पर विचार कर सकते हैं।

कोहली से जूब पूछा गया कि क्या 2021 में भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के बाद क्या वह कोई एक प्रारूप खेलना छोड़ देंगे, तो उन्होंने कहा, 'मेरी नजर बड़ी तस्वीर पर है। मैं खुद को अगले तीन साल के लिए तैयार कर रहा हूं। उसके बाद शायद मैं अलग बात करूंगा।'

शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में थकान और वर्कलोड मैनेजमेंट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'इस विषय से आप छुप नहीं सकते। करीब 8 साल से मैं साल में लगभग 300 दिन खेल रहा हूं, इसमें सफर और प्रैक्टिस सेशन शामिल हैं। और हर बार उतने ही जोश और जुनून के साथ मैदान पर उतरता हूं। इससे आप पर काफी दबाव पड़ता है।'

## पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किम क्लाइस्टर्स की निराशाजनक वापसी



बीजिंग। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बेल्जियम की किम क्लाइस्टर्स की टेनिस में वापसी निराशाजनक रही और उन्हें मंगलवार को यहां दुबई चैंपियनशिप में पहले ही मैच में स्पेन की गारबाइन मुगुरुजा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 क्लाइस्टर्स ने 2012 में टेनिस से संन्यास ले लिया था। उन्होंने अब वापसी की है और उन्हें पहले राउंड में ही मुगरुजा के खिलाफ 2-6, 6-7 से हार झेलनी पड़ी। वह पहले सेट में काफी संघर्ष करती नजर आईं और 2-6 से हार गईं। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट में विपक्षी को टक्कर दी लेकिन स्पेन की खिलाड़ी ने मौका नहीं दिया और मुकाबला जीत लिया।

## टीम इंडिया के लिए टेस्ट की सभी चुनौतियों का कंप्लीट पैकेज हैं वेलिंग्टन टेस्ट

**वेलिंग्टन।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेलने की सबसे बड़ी दावेदार टीम इंडिया अब अपने सबसे मुश्किल इम्तिहान की ओर है। टेस्ट चैंपियनशिप के तहत भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ उसके घर पर खेलना है और यहां हमेशा से ही चुनौती उसके लिए कड़ी रही है। कीवीलैंड की तेज पिचों पर बल्ले और बॉल के साथ-साथ हवा की हरकत भी खेल पर अपना प्रभाव छोड़ती है और सीम-स्विंग बोलिंग विराट की टीम के लिए हमेशा से ही चुनौती रहा है।



शुक्रवार को जब टीम इंडिया वेलिंग्टन में 2 टेस्ट की सीरीज का आगाज करने उतरेगी तो उसके माइंड में ये सभी चीजें होंगी कि यहां पर लाल गेंद से विदेशी चुनौतियों का कंप्लीट पैकेज मिलता है। यहां ठंडी तेज हवा, बारिश, सीम और स्विंग होती गेंदें हर वक्त बल्लेबाजों का टेस्ट लेती हैं। ऐसे में कोहली, रहाणे और पुजारा के अलावा टीम के बाकी बल्लेबाजों को भी हर हाल में अपने साहस का परिचय देना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाड़ी तो इन हालात में खेलने के आदी हैं। लेकिन भारतीय टीम के कई सदस्य यहां पहली बार खेलने आए हैं। यहां हवा का प्रभाव इससे ही समझ लीजिए कि स्टंप्स पर लगे बेल्स भारी होने के बावजूद मैच में कई-कई बार सिर्फ हवा के सहारे ही नीचे गिरते रहते हैं। हवा के चलते गेंदबाज चाहकर भी अगेंस्ट द विंड बॉल डालें तो भी वह हवा के साथ ही निकल लेती है।

यहां हर गेंद में हरकत दिखती है, जिससे अंपायरों को हमेशा चौकन्ना रहना पड़ता है। स्लिप में खड़े फील्डर और विकेटकीपर को हर गेंद पर लपकने के लिए तैयार रहना पड़ता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जल्द एक और फिल्म की घोषणा करेंगे सलमान खान?

इस समय बॉलिवुड में सबसे ज्यादा बिजी सितारों की बात की जाए तो अक्षय कुमार के बाद शायद सलमान खान का नाम ही आएगा। सलमान लगातार एक बाद एक फिल्में कर रहे हैं और इस समय वह 'राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' की शूटिंग कर रहे हैं और उन्होंने अपनी अगली फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' घोषणा पहले ही कर चुके हैं। अब एक हालिया रिपोर्ट की मानें तो सलमान खान जल्द ही अपनी एक और फिल्म की घोषणा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत तक इस नई फिल्म की घोषणा हो सकती है। बताया जा रहा है कि सलमान की 'राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' की केवल 7 दिन की शूटिंग बची है और 'दबंग 3' के उम्मीद के मुताबिक नहीं चलने के कारण सलमान पर ड्रिस्टीब्यूटर्स का काफी प्रेशर है। कहा जा रहा है कि ड्रिस्टीब्यूटर्स को खुश करने के लिए वह जल्द ही अपनी अगली फिल्म की घोषणा करना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म हो सकती है जिसमें काम करने के लिए सलमान पहले ही करने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।



# जब बेहोश होना चाहती थीं सारा अली खान!

**सारा** अली खान ने फिल्म 'केदारनाथ' से 2018 में डेब्यू किया था। इसके बाद से वह लोगों के दिलों पर छाई हुई हैं। हालांकि हाल ही में एक शो के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे वह कार्डिएक अरेस्ट का बहाना बनाकर एक मीटिंग से बचना चाहती थीं। फिर उनकी मॉम अमृता सिंह ने उन्हें यह परमिशन नहीं दी थी। शो में बात करते हुए सारा ने बताया कि एक टाइम ऐसा भी था कि सीन का नरेशन सुनकर वह बहाना मारकर निकलना चाहती थीं। उन्होंने सीन के बारे में ज्यादा तो नहीं बताया लेकिन बोलीं कि वह फोन लेकर रेस्टरूम में गईं और अपनी मॉम को कहा, देखिए, मुझे पता है कि हम सब प्रोफेशनल्स हैं और हमें ऐसे मौकों के लिए शुक्रगुजार होना चाहिए, लेकिन क्या मैं कार्डिएक अरेस्ट का बहाना मार सकती हूं? क्या इसकी इजाजत है? उनकी मां ने तुरंत मना कर दिया। इसके बाद सारा ने पूछा कि क्या वह बेहोश हो सकती हैं?





# फिल्म 'दुर्गावती' को लेकर भूमि पर दबाव?

**फिल्म** ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर जल्दी ही अपनी नई फिल्म 'दुर्गावती' में दिखाई देंगी। यह फिल्म पूरी तरह से हीरोइन केंद्रित है। भूमि पेडनेकर के पूरे करियर में पहली बार फिल्म की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। हालांकि, ऐक्ट्रेस ने कहा कि वह दबाव महसूस नहीं कर रही हैं। फैशन फटॉग्रफर डब्बू रतनानी के वर्ष 2020 कैलेंडर लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए भूमि पेडनेकर ने कहा कि मैं भोपाल में फिल्म 'दुर्गावती' के लिए शूटिंग कर रही हूं। यह मेरे लिए एक नया नेरेटिव है, नई कहानी है। पहली बार मेरे कंधों पर पूरी फिल्म है और इससे जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। दबाव महसूस किए जाने के सवाल पर भूमि पेडनेकर ने कहा कि पूरी फिल्म पहली बार मेरे कंधों पर है लेकिन मैं दबाव में नहीं हूं। और जभी भी आप किसी भी फिल्म की शूटिंग करते हैं, तो थोड़ा दबाव होता ही है कि आप पिछली से अच्छा करें।